(c) The information is being collected and to the extent available will be laid on the Table of the House.

भारत में विदेशी बैंकों की शाखायें खोलना

10526. श्री अशफाक हुसैन : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विदेशी बैंकों की शाखाओं के नाम और संख्या क्या हैं जिन्हें भारत में 1 अप्रैल, 1980 तक अपनी शाखायें चलाने और खोलने की अनुमति दी गई थी ;

(ख) उन विदेशी बैंकों के नाम क्या हैं जिन्हें 1 अप्रैल, 1980 से 31 मार्च, 1983 तक की अवधि के दौरान अपनी शाखायें खोलने की अनुमति दी गई थी और उनके मुख्यालय कहां हैं;

(ग) क्या ऐसे किन्हीं विदेशी बैंकों को भी अपनी शाखायें खोलने की अनुमति दी गई थी जिनके विरुद्ध विपरीत रिपोर्ट थी और उन रिपोर्टों के आधार पर पूर्व सरकार ने उन्हें भारत में अपनी शाखायें खोलने की अनुमति नहीं दी थी; और

(घ) यदि हां, तो अब उन्हें अपनी शाखायें खोलने की अनुमति देने के क्या कारण हैं ?

वित्त मंत्रालय में उप मन्त्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) और (ख) अपेक्षित सूचना विवरण में दी गई है।

(ग) और (घ) विदेशी बैंकों को भारत में शाखाएं खोलने की अनुमति देने में पालन की जाने वाली नीति का स्थूल लक्ष्य है भारत में अंतर्राष्ट्रीय बैंकिग समुदाय की विविध रूप में मौजूदगी। विदेशी बैंकों के अनुरोधों पर विचार करते समय, पारस्परिकता के सिद्धांत और राष्ट्रीय हित का पूरा होना अनिवार्य बात है। प्रत्येक अलग-अलग मामले पर गुण दोष के आधार पर निर्णय किया जाता है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ सभी संबंधित पहलुओं को ध्यान में रखा जाता है जैसे कि बैंक का आकार, उसकी स्थापना का वर्ष, उसकी अपनी निधियां उसका मौजूदा शाखा जाल आदि। शाखाएं खोलने के वास्ते, विदेशी बैंकों के आवेदनों की जांच करते समय उनसे संबंधित सारी सूचना को ध्यान में रखा जाता है और सारी अपेक्षाएं पूरी होने के बाद ही अंतिम निर्णय किया जाता है।

विवरण

(क) एक अप्रैल 1980 से पहले भारत में परिचालन कर रहे विदेशी बैंकों के नाम और उनकी संख्या।

क्रम सं०	बैंक का नाम	1.4.80 तक खोली गई शाखाओं की सं०
1	2	3
1.	अल्जमीन बैंक नीदरलैंड्स एन० वी०	3
2.	अमरीकन एक्सप्रेस इन्टरनेशनल बैंकिग कारपोरेशन	3
3.	बैंक आफ अमरीका एन० टी० एण्ड एस० ए०	4
4.	बैंक आफ टोक्यो लि०	3
5.	बैंक नेशनेल डि पेरिस	5
6.	ब्रिटिश बैंक आफ दी मिडल ईस्ट	1
7.	चार्टर्ड बैंक	24
8,	सिटी बैंक	6

1	2	3
9	ग्रिंडलेज बैंक पी० एल० सी०	56
10.	मर्कंटाइल बैंक लि० (इस बीच शंघाई बैंकिंग कारपोरेशन में परिवर्तित हो चुका है)	20
11.	मितुशी बैंक लि०	1
12.	सोनाली बैंक	1
		127

(ख) उन विदेशी बैंकों के नाम जिन्होंने एक अप्रैल, 1980 से 31 मार्च, 1983 के दौरान शाखाएं खोलीं ।

क्रम सं०	विदेशी बैंक का नाम	स्थान जहाँ इस समय ये शाखाएं कार्यरत हैं		भारत में शाखाओं की कुल सं०
1.	यूरोपियन एसियन बैंक (हैंबुर्ग, प० जर्मनी)	बम्बई	1	1
2.	एमिरिटेस कमर्शियल बैंक (आबू धाबी, यू० ए० ई०)	बम्बई	1	1
3.	बैंक आफ ओमान लि० (डी० ई० आई० आर० ए०, दुबई, यू० ए० ई०)	बम्बई	1	1
4.	बैंक डि एल इंडोचीन एट डि सुवेज (इंडोसुवेज) (पेरिस फ्रांस)	बम्बई	1	1
5	बैंक आफ क्रेडिट एंड कामर्स इंटरनेशनल (ओवरसीज) लि० (लक्जमबर्ग)	बम्बई	1	1
		जोड़	5	5

उपर्युक्त के अतिरिक्त, निम्नलिखित बैंकों को बम्बई में एक-एक शाखा खोलने की अनुमति देने का निर्णय किया गया है;

(1) बैंक आफ नोवा स्कोटिया, कनाडा, (2) ओमान अफ्रीकन बैंक लि०, ओमान ।

Filling up Offices of different Subsidiaries of National Textile Corporation

10527. SHRI K. LAKKAPPA :
SHRI GULSHER AHMAD :

Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) whether interviews for selection of Chairmancum-Managing Director are being held and/or were held in April, 1983 for filling up offices of different subsidiaries of the National Textile Corporation Limited, New Delhi ;

(b) if so, the facts and names of such subsidiaries for which selection are being proposed along with the next date when individual terms are expiring ; and

(c) what steps are being taken to remove apprehensions from the minds of existing incumbents to help the proper growth of the Corporation as a whole ?